हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 4 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

07 जनगणना कार्य से लेकर सिरोंज की स्वच्छता...



08 जिला पंचायत सदस्य वार्ड-3 मेहगांव उप चुनाव में...



खबर संक्षेप

सोया फीस्ट 2026 में विशाल बैतुले को किया सम्मानित

विदिशा। इंडो सोया फूड एसोसिएशन द्वारा चंडीगढ़, हरियाणा में आयोजित सोया फीस्ट 2026 में विदिशा के सेहत फूड



प्रोडक्ट और सेहत टोफू कल्चर के फाउंडर एवं सीईओ विशाल बैतुले को सम्मानित किया गया। उन्होंने सोया फीस्ट में मध्यप्रदेश और विदिशा का प्रतिनिधित्व किया। देशभर के सोया उद्योग से जुड़े व्यवसायियों की मौजूदगी में आयोजित सोया फूड एग्जिबिशन में विशाल को मल्टीपल सोया प्रोडक्ट और कृषि आधारित उत्पादों के निर्माण के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें इंडो सोया फूड एसोसिएशन के चेयरपर्सन निशीत पटेल, वीरेंद्र भाटी, अध्यक्ष राजीव शर्मा और चंडीगढ़ के मेयर गौरव जोशी ने सम्मानित किया।

अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में योग सत्र का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य लोगों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान रक्षित निरीक्षक नीरज सिकरवार सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता की। योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने नियमित योग और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और इसके प्रति आमजन को जागरूक करना था।

स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने कराया परीक्षण

कुरवाई। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कुरवाई में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया। शिविर का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में कुरवाई अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मोतीलाल अहिरवार, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, बीएमओ डॉ. राधेश्याम रघुवंशी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एल्डरमैन राजमल जैन, मंडल अध्यक्ष राजेश लौधी, मेहलुआ मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी, एल्डरमैन वरुण चौबे, महामंत्री उमाशंकर प्रजापति, अभिषेक राजपूत, टीकाराम राठौर, विक्रम सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

योग सत्र में दिया स्वस्थ और निरोगी जीवन का संदेश, योग गुरुओं का सम्मान

माधव उद्यान में जुटे भाजपाई, योग कर लिया स्वास्थ्य जागरुकता का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को माधव उद्यान में योग सत्र एवं योग गुरुओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ और निरोगी जीवन का संदेश दिया।

विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को वैश्विक मंच पर स्थापित कर भारतीय संस्कृति को विश्वभर में पहचान दिलाई है। योग हमारी प्राचीन परंपरा और ऋषियों की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। कार्यक्रम में समाज को स्वास्थ्य और आरोग्य के प्रति जागरूक करने में योगदान देने वाले क्षेत्र के समर्पित योग गुरुओं का सम्मान किया गया। जिला मीडिया प्रभारी राहुल जैन ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य आमजन में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और समाज सेवा के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, छत्रपाल शर्मा, पंकज पांडे, सुरेंद्र चौहान, प्रशांत खत्री, मुकेश चौकसे, सुमित सिंह सहित पदाधिकारी व योग साधक मौजूद रहे।



विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार सुबह माधव उद्यान में एकत्रित होकर योग करते हुए भाजपाई।

छात्राओं ने किया पौधारोपण, देखभाल का लिया संकल्प

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को विवेकानंद चौराहा स्थित पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्रावास की छात्राओं और अधीक्षिका नीलू नरवरिया ने विभिन्न पौधे लगाए। इस दौरान छात्राओं को पौधों के



संरक्षण, सिंचाई और नियमित देखभाल की जानकारी दी गई। छात्राओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे स्वच्छ वायु देने के साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा।

यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत विदिशा पुलिस ने शनिवार को 3 स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम हुए। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन और एएसपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में साकेत शिशु रंजन हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय माध्यमिक शाला रायपुरा और सनराइजर्स हायर सेकेंडरी स्कूल हरिपुरा में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह एवं यातायात थाना प्रभारी आशीष राय के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सूबेदार मेघा शर्मा सहित पुलिसकर्मियों ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को हेलमेट, सीटबेल्ट के उपयोग और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पेम्प्लेट और जागरूकता स्टिकर भी वितरित किए गए।

टैक्सी ड्राइवर का शव कब्र से निकाला, 20 दिन से लापता था

पुलिस ने अज्ञात मानकर दफनाया, परिवार ने की पहचान



विदिशा। जेसीबी की मदद से खुदाई कर शव को बाहर निकाला गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भोपाल के रेलवे कॉलोनी निवासी टैक्सी चालक संजय उर्फ संजू अहिरवार का शव विदिशा में कब्र से निकाला गया। 12 सितंबर को विदिशा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर उनकी मौत हुई थी। पहचान न होने पर पुलिस ने अज्ञात शव मानकर उन्हें दफना दिया था। संजय 10 सितंबर को भोपाल से दतिया जाने के लिए निकले थे। उन्होंने अपनी पत्नी को 10:30 से 11 बजे तक पहुंचने की बात कही थी, लेकिन वे वहां नहीं पहुंचे। इसके बाद से ही वे लापता थे और परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

प्रशासन ने शुरू की शव सौंपने की प्रक्रिया

तहसीलदार ने बताया कि कोतवाली थाना प्रभारी की ओर से शनिवार को पत्र प्राप्त हुआ। परिजनों के आवेदन के बाद शव को कब्र से निकलवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिवार को

सीसीटीवी फुटेज में ट्रेन में चढ़ते दिखे

पुलिस द्वारा भेजी गई फोटो से परिजनों ने कपड़ों और चेहरे के आधार पर संजय की पहचान की। जांच में सामने आए सीसीटीवी फुटेज में संजय 10 सितंबर की शाम 4:30 बजे कुशीनगर ट्रेन के एस 2 कोच में सवार होते दिखे थे। परिवार का आरोप है कि गुमशुदगी दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने उन्हें अज्ञात शव मिलने की जानकारी समय पर नहीं दी। उनका कहना है कि सूचना मिलने पर वे पहले ही शव की पहचान कर लेते। संजय की मौत से उनके 11 साल के बेटे और 10 साल की बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया है।

सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। तहसीलदार के अनुसार, आरआई और पटवारी को मौके पर भेजा गया। जेसीबी और मजदूरों की मदद से खोना किया गया। शव को निकालकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

गोविंद सक्सेना को राज्य स्तरीय अशोक मानोरिया आंचलिक पत्रकारिता पुरस्कार

विदिशा। वरिष्ठ पत्रकार गोविंद सक्सेना को भोपाल के माधव सप्रे स्मृति संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्य स्तरीय अशोक मानोरिया आंचलिक पत्रकारिता पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्हें यह पुरस्कार 30 वर्ष से अधिक की सक्रिय और उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए प्रदान किया गया। भोपाल के माधव सप्रे स्मृति संग्रहालय भोपाल में पत्रकार गोविंद सक्सेना को ये पुरस्कार पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओमप्रकाश रावत तथा अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, संग्रहालय के संस्थापक पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर तथा निदेशक अरविंद श्रीधर ने प्रदान



किया। इस अवसर पर बोलते हुए पत्रकार सक्सेना ने अपने गुरू श्री अशोक मानोरिया के साथ किए कार्य और उनसे सीखी पत्रकारिता का जिक्र किया। कार्यक्रम का आभार अरविंद श्रीधर ने व्यक्त किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सतीश एलिया सहित भोपाल के अनेक वरिष्ठ पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों के साथ ही विदिशा से अतुल शाह, आशीष मानोरिया, अजय जैन, प्रमोद व्यास, अरविंद श्रीवास्तव, ऋषि जालोरी, अंशुज शर्मा, प्रवेश शर्मा और गंजबासौदा से कौस्तुभ शिरढोणकर भी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

शिक्षकों ने गौशाला पहुंचकर की गौसेवा

विदिशा। शिक्षा विभागीय पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति द्वारा पितृ पक्ष के अवसर पर श्री गोपाल कृष्ण गौशाला में गौसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के नवागत अध्यक्ष रामराज दांगी का स्वागत किया गया। समिति के नोडल अधिकारी एवं राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान प्राप्त विजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया



कि वर्ष 2021 से समिति लगातार पितृ पक्ष में गुड़ और दलिया वितरित कर गौसेवा कर रही है। कार्यक्रम में संतोष ताम्रकार, जीपी राठी, विनोद चौधरी, अलका बागड़ी सहित शिक्षक और समाजसेवी मौजूद रहे। रामराज दांगी ने गौसेवा में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन उमेश ताम्रकार ने किया।

आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण में स्वास्थ्यकर्मियों ने सीखे बचाव के तरीके

एनडीआरएफ टीम ने दिया प्रशिक्षण, व्यावहारिक अभ्यास से समझी आपातकालीन प्रतिक्रिया की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला चिकित्सालय में शनिवार को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के तरीके बताए।

प्रशिक्षण में खोज एवं बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार, मरीजों की सुरक्षित निकासी और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की जानकारी दी गई। व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से आपदा के दौरान त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेंट हेमंत जैन और प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे सहित डॉ. शिव रघुवंशी और डॉ. नरेंद्र पटेल मौजूद रहे। उन्होंने आपदा से निपटने के लिए पूर्व तैयारी, नियमित प्रशिक्षण और मॉक ड्रिल को आवश्यक बताया। प्रशिक्षण में नर्सिंग अधीक्षक, चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने सहभागिता की। महाविद्यालय प्रशासन ने एनडीआरएफ और होमगार्ड विभाग का आभार जताया।



वन भूमि पर जुताई करते ट्रैक्टर-कल्टीवेटर जब्त

ग्यारसपुर। वन विकास निगम की टीम ने रसूलपुर में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण की मंशा से जुताई कर रहे ट्रैक्टर-कल्टीवेटर को जब्त किया है। कार्रवाई वन परिक्षेत्र ग्यारसपुर के अंतर्गत कक्ष क्रमांक आर-146 में गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर-कल्टीवेटर को जब्त कर अपनी अभिरक्षा में ले लिया। इस कार्रवाई में ग्यारसपुर परिक्षेत्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। संभागीय प्रबंधक, विदिशा-रायसेन परियोजना मंडल भोपाल के विशेष मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई में प्रभारी महेंद्र गौर, भरत कौरव और राघवेंद्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

गांधीजी ने मां को दिए वचन जीवनभर निभाए: सुरेश गर्ग

गांधी जयंती पर पॉलिटेक्निक कॉलेज में संगोष्ठी और स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एसएटीआई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांधी जयंती पर स्वच्छता कार्यक्रम एवं संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता गांधी सुमिरन मंच के प्रणेता डॉ. सुरेश गर्ग ने कहा कि महात्मा गांधी का पूरा जीवन मां को दिए वचन सत्य, अहिंसा और सात्विकता के पालन में बीता।

उनकी प्रतिमाएं 120 से अधिक देशों में स्थापित हैं। साधारण परिवार में जन्मे गांधी ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. केके पंजाबी ने दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी के साथ हुए रंगभेद का



उल्लेख करते हुए कहा कि भेदभाव के खिलाफ उनके संघर्ष ने उन्हें महात्मा बनाया। प्रो. अरविंद द्विवेदी ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया, वहीं राजकुमार प्रजापति ने स्वच्छता का महत्व बताया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया और परिसर में सफाई की। साथ ही पॉलिथीन व डिस्पोजल का उपयोग नहीं करने तथा स्वच्छता के प्रति दूसरों को जागरूक करने की शपथ ली। संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार प्रजापति ने किया।

जापान से ग्यारसपुर पहुंचीं भिक्षुणी म्योसेन सतो, प्राचीन बौद्ध विरासत देख भावुक हुईं

ढेकीनाथ स्तूप और प्राचीन प्रतिमाओं का किया भ्रमण, वैज्ञानिक सर्वेक्षण की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध ग्यारसपुर में शनिवार को जापान से भिक्षुणी म्योसेन सतो पहुंचीं। उन्होंने भोपाल से आए भंते शाक्य पुत्र सागर थेरो और बौद्ध संघ की टीम के साथ क्षेत्र की प्राचीन बौद्ध विरासत का भ्रमण किया। भिक्षुणी म्योसेन सतो ने सबसे पहले ढेकीनाथ बौद्ध स्तूप के दर्शन किए। इसके बाद थुआरभिटा की पहाड़ी पर स्थित प्राचीन बुद्ध प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर मंत्रोच्चार और वंदना की। उन्होंने भगवान बुद्ध के खंडित सिर के भी दर्शन किए। पहाड़ी पर बिखरे प्राचीन अवशेषों और पत्थरों को देखकर वे भावुक हो गईं।

उन्होंने कहा कि पहाड़ी के भीतर भी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अवशेष दबे होने की संभावना है। मध्यप्रदेश पुरातत्व विभाग और केंद्र सरकार को यहां वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराकर आवश्यक उत्खनन और



संरक्षण के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने विरासत की उपेक्षा पर चिंता जताते हुए कहा कि ये अवशेष भारत की प्राचीन संस्कृति और इतिहास की अमूल्य धरोहर हैं। भ्रमण के दौरान उन्होंने माला देवी मंदिर के दर्शन भी किए और ग्यारसपुर की धार्मिक एवं स्थापत्य विरासत को संरक्षित कर पर्यटन के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

योगासन में प्रदेश स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले पर्व श्रीवास्तव को विशेष पुरस्कार

कायस्थ सभा ने 61 वरिष्ठजनों, 18 प्रतिभाओं का किया सम्मान, वट वृक्ष सम्मान समारोह में छात्रवृत्ति की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कायस्थ सभा विदिशा द्वारा लाल बहादुर शास्त्री जयंती एवं अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के उपलक्ष्य में स्व. ओंकार प्रसाद श्रीवास्तव की स्मृति में कायस्थ गौरव चित्रांश प्रतिभा सम्मान, वट वृक्ष सम्मान एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एसएस श्रीवास्तव, कैलाश नारायण श्रीवास्तव, डॉ. तरुणा सक्सेना और एडवोकेट संतोष वर्मा रहे। स्वागत भाषण डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने दिया, जबकि संचालन डॉ. नेहा श्रीवास्तव ने किया। जरूरतमंद छात्रों



के लिए डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने चार बच्चों को प्रतिमाह एक-एक हजार रुपए तथा डॉ. नरेश श्रीवास्तव ने एक बच्ची को 500 रुपए छात्रवृत्ति देने की घोषणा की। चित्रगुप्त मंदिर में सोलर पैनल स्थापना के लिए कैलाश नारायण एवं उषा श्रीवास्तव ने कुल एक लाख रुपए, प्रतिभा एवं अभिजीत खरे ने 21 हजार और अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने 10 हजार रुपए का सहयोग दिया। कार्यक्रम में राम मोहन श्रीवास्तव, अखिलेश सक्सेना, डॉक्टर हेमंत श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, राजेंद्र सक्सेना, अनुपम जौहरी, विनय सक्सेना सुमन श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव ,ममता श्रीवास्तव, अभिनय श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव राहुल श्रीवास्तव, चित्रांश श्रीवास्तव , आशीष श्रीवास्तव, सोमित्र श्रीवास्तव, निखिल श्रीवास्तव, विवेक साय, विवेक सक्सेना विमलेश सक्सेना , नितिन सक्सेना, सुधीर श्रीवास्तव, अरुण हजेला, हर्षवर्धन सक्सेना , शरद श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

61 वरिष्ठजनों और 18 प्रतिभाओं का सम्मान

समारोह में समाज के 61 वरिष्ठजनों को शाल, श्रीफल, सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर वट वृक्ष सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षा, खेल, संगीत एवं कला के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने वाले 18 चित्रांश प्रतिभाओं को कायस्थ गौरव सम्मान दिया गया। इनमें पर्व श्रीवास्तव, रिदम सक्सेना, सजल सक्सेना, विश्वास खरे, अतुल जौहरी सहित अन्य प्रतिभाएं शामिल रहीं। योगासन में प्रदेश स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले पर्व श्रीवास्तव को विशेष पुरस्कार राशि भी दी गई।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6000
सरसों
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-8010
चना
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव-7411
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-8000
शरबती
न्यूनतम भाव-3110
उच्चतम भाव-4702
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2350
उच्चतम भाव-3101
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2480
उच्चतम भाव-2546
बटरी
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-4000
मूंग
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-1800
उड़द
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-8500
मक्का
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-1800
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-3570

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शनिवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 8409 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

जन समस्या निवारण शिविर आज, विभागीय योजनाओं की मिलेगी जानकारी

गढ़ाकोटा। सेवा सेतु अभियान एवं सरकार आपके द्वार अभियान के तहत एक दिवसीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन रविवार को सुशीला भार्गव शादी घर में किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां नागरिकों को विभागीय योजनाओं, पात्रता शर्तों एवं आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों से आवेदन भी लिए जाएंगे।नपाध्यक्ष श्रीमती संगीता तिवारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी पात्रता के अनुसार संबंधित विभागीय स्टॉल पर पहुंचकर योजनाओं का लाभ लें। सीएमओ ने बताया कि शिविर की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए नगर में प्रचार-प्रसार कराया गया है।

मोतीनगर पुलिस ने स्थायी वारंटी गिरफ्तार किया

सागर। फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मोतीनगर पुलिस ने स्थायी वारंटी संकेत अहिरवार, निवासी शास्त्री वार्ड को गिरफ्तार किया।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 2 अक्टूबर को कार्रवाई कर वारंटी को दस्तयाब किया। न्यायालय में पेश करने के बाद जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे केंद्रीय जेल सागर में न्यायिक अभिरक्षा में दाखिल कराया गया।

राशन विक्रेता संघ की वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मध्यप्रदेश की 28 हजार शासकीय उचित मूल्य दुकानों की वर्षों से लंबित मांगों का समय सीमा में निराकरण के लिए 5 सूत्रीय मांगों के संबंध में संगठन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से पांच सूत्रीय माँगों का समय सीमा में निराकरण न होने पर मध्यप्रदेश राशन विक्रेता संघ ने आंदोलन एवं हड़ताल करने की चेतावनी दी है। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश राशन विक्रेता संघ के अंतर्गत प्रदेश भर की 28 हजार शासकीय उचित मूल्य दुकाने शासन की 'सार्वजनिक वितरण प्रणाली' के तहत अत्यंत निष्ठा और समर्पण के साथ गरीब और जरूरतमंद परिवारों तक अन्न राशन पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। कोविड महामारी से लेकर हर विपरीत परिस्थिति में शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपनी सेवाएँ दी हैं। लेकिन विक्रेताओं की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। वर्तमान में बढ़ती महंगाई और अत्यंत कम कमीशन के कारण प्रदेश के राशन विक्रेताओं के समक्ष अपने परिवार का भरण-पोषण करने और दुकान का संचालन सुचारू रूप से करने में गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन में कमीशन या वेतन वृद्धि सहित कार्य के दौरान आ रही विसंगतियों के समाधान रखी है। ज्ञापन में अन्य राज्यों में राशन विक्रेताओं को मिलने वाले वेतन और कमीशन का हवाला दिया है। इस दौरान विजय अरोरा, राकेश शर्मा महेन्द्र दिवाकर, अरुण जैन राकेश कपूर, सुरेश अहिरवार, हेमंत रघुवंशी, शिवनारायण भार्गव, राजेंद्र रघुवंश, रामस्वरूप रघुवंशी, राजेंद्र रघुवंशी, संजय शर्मा, मनोज कुशवाह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अखिल विश्व गायत्री परिवार की संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित

स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ चिकित्सा छात्रों ने भी दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की गंजबासौदा इकाई द्वारा शनिवार को संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में गंजबासौदा, त्योंदा, नटेरन के करीब 25 विद्यालयों के 2500 छात्र छात्राओं, नगर के पांच महाविद्यालयों के 200 विद्यार्थियों सहित विदिशा के मेडीकल कॉलेज के करीब 700 विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की।

उल्लेखनीय है कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा प्रतिवर्ष विद्यार्थियों में भारतीय ज्ञान और संस्कृति की अलख जगाने के लिए संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की जाती है। इस परीक्षा की तैयारी के साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, पुराण, धर्म, ऋषि मुनियों, महापुरूषों, समाज सुधारकों, क्रांतिकारियों, कवियों, लेखकों सहित योग, अध्यात्म आदि के बारे में जानकारी मिलती है।

इस वर्ष भी यह परीक्षा 3 अक्टूबर को आयोजित की गई। जिसके लिए गंजबासौदा इकाई के कार्यकर्ता पिछले कुछ माह से लगातार तैयारियों में जुटे हुए थे। इस परीक्षा क उप जोन समन्वयक एवं तहसील प्रभारी एसके सैनी ने बताया कि शनिवार को आयोजित परीक्षा में गंजबासौदा तहसील सहित नटेरन और त्योंदा के करीब 25 स्कूलों के कक्षा 5 वीं से लेकर 12 वीं तक की कक्षाओं के 2500 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इनमें नगर के नवांकुर विद्यापीठ, डॉल्फिन, एसआरएस सहित विभिन्न प्रमुख स्कूल शामिल रहे। वहीं नगर के एलबीएस कॉलेज, एसजीएस कॉलेज, कन्या महाविद्यालय, केडीएम कॉलेज आदि के करीब 200 छात्र छात्राओं ने भी परीक्षा दी। वहीं इस बार गंजबासौदा इकाई के प्रयासों से पहली बार विदिशा के अटल बिहारी मेडीकल कॉलेज के चिकित्सा विद्यार्थियों ने भी इस आयोजन और परीक्षा में रूचि दिखाई और आज आयोजित परीक्षा में विदिशा मेडीकल कॉलेज के करीब 700 मेडीकल स्टूडेंट्स ने यह परीक्षा दी। इस तरह पहली बार मेडीकल जैसे पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी भी इसमें शामिल हुए। यह परीक्षा गंजबासौदा इकाई के सदस्यों विदिशा पहुंचकर संपन्न कराई। इस परीक्षा के आयोजन में उपजोन समन्वयक और तहसील प्रभारी एसके सैनी के मार्गदर्शन में सूरज सिंह परिहार, संगीता शर्मा, वंदना देवधर, नारायण सिंह दांगी सहित अन्य सदस्यों ने विशेष सहयोग दिया।

एलबीएस कॉलेज में आयोजित हुई परीक्षा

गंजबासौदा। एलबीएस कॉलेज में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 34 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं, संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों से संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया। परीक्षा के आयोजन में गायत्री परिवार की ट्रस्टी एवं प्राध्यापक पूनम तिवारी की प्रमुख भूमिका रही। इस दौरान एलबीएस कॉलेज की प्राध्यापक सारिका देव, नम्रता अरोरा, मंजू जैन एवं रुबीना ठाकुर उपस्थित रहीं। आयोजकों के अनुसार भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाना है। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्थानीय ट्रस्ट परिवार की अध्यक्ष पूनम तिवारी ने बताया कि गायत्री परिवार विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से जोड़ने के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाता है। बाद में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाता है।

शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



गंज बासौदा। विगत दिनों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा के छात्र द्वारा आत्महत्या जैसे दुखद प्रकरण में प्राचार्य अभय शर्मा को दोषी प्रचारित किया जा रहा है। इसी संदर्भ में विदिशा में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा विदिशा ने मोर्चा के जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि शिक्षक कभी छात्र विरोधी नहीं होता। ना ही कभी अपने विद्यार्थियों के साथ द्वेष पूर्ण कार्य करता है। उसका उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना होता है।

कभी-कभी शाला और कक्षा के वातावरण को अच्छा रखने हेतु उसे कठोर भी होना पड़ता है। इस कठोरता का कारण बच्चों के साथ दुर्भावना नहीं बल्कि उसके आचरण में सुधार करना होता है। इस प्रकरण में भी प्राचार्य की भावना यही रही होगी। यह दुखद है कि बच्चे ने इतना बड़ा कदम उठा लिया बच्चे को डांटना सिर्फ उसकी शरारत को रोकना और दूसरे बच्चों को हो रही परेशानी से बचाना रहा है। ऐसे में यदि शिक्षक पर एक तरफा कार्रवाई की गई तो पूरे प्रदेश के लाखों शिक्षक भयभीत होंगे। इसका असर सीधा शिक्षा की गुणवत्ता और शाला के माहौल पर पड़ेगा, शिक्षा शिक्षार्थी शिक्षालय के सर्वांगीण विकास का उद्देश्य कैसे पूरा होगा। इस कारण इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से करवाई जाए एवं शिक्षक का भी पक्ष सुना जाए और शिक्षक द्वारा शाला और छात्रों के लिए किए गये कार्यों को भी देखा जाये। जब तक जांच पूर्ण ना हो शिक्षक के खिलाफ कोई भी कार्रवाई न की जाए। भविष्य में शिक्षक एवं पालक को अनुशासन संबंधी स्पष्ट निर्देश प्रसारित किए जाएं। ज्ञापन सौंपने के दौरान अमर सिंह तोमर, शिवनारायण सक्सेना, नीलम सिंह, निर्भय सिंह रघुवंशी, कप्तान सिंह, रामराज सिंह दांगी, अरूण पांडे, दिनेश राजपूत, रितु सिंह, मधुलता अग्रवाल, दीपा जैन, रमन धुर्वे, कप्तान सिंह, सुरेश अहिरवार, वेदप्रकाश, श्रवण साध्य, राकेश सोनी, रमेश राजपूत इत्यादि शिक्षकगण सम्मिलित थे।

नगर के वार्ड 17 पंडापुरा में हो रहा आयोजन

'कौआ प्रकृति के बदलते संतुलन का संदेश दे रहा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर के वार्ड नंबर 17 पंडापुरा में पितृपक्ष के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। कथा के द्वितीय दिवस पर कथा वाचक आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने बताया कि कौए को यमराज का दूत और प्रतीक माना जाता है, जो श्राद्ध पक्ष के दिन पितरों की आत्मा को अपने साथ लेकर आते हैं। वो देखते है कि परिजन क्या करते हैं कौए की उम्र लंबी होती है। अगर श्राद्ध के दिन कौए भोजन न करें तो दोष माना जाता है। आस्था के श्राद्ध में जिस कौए को पितरों का प्रतीक माना जाता है, वही कौआ आज प्रकृति के बदलते संतुलन का भी संकेत दे रहा है। सवाल यह है कि आने वाली पीढियां जब श्राद्ध की थाली सजाएंगी, तब उन्हें भी कौए के आने का इंतजार करना पड़ेगा।

परिवर्तन संसार का नियम है। हम श्राद्ध क्यों करते हैं असल में प्रश्न ये है और उत्तर है हमारे सुहृदयों तथा परिजनों की मुक्ति के लिये। जब गया श्राद्ध में भी हमारे प्रियजन मुक्त न हो पायें तो हमें ये कौन बतायेगा कि वे वास्तव में मुक्त हुये या नहीं। इसीलिए गया श्राद्ध के बाद भी हमें ये पितृ कर्म जारी रखना चाहिए। यदि वे परिजन या प्रियजन मुक्त भी हो गये हैं तो भी वे देवता की श्रेणी प्राप्त कर चुके है। अब जब आप उनके लिये ये कर्म करेंगे तो वे ही अप्रत्यक्ष रूप से देवों की तरह आपको आशीर्वाद देंगे और आपकी सफलता एवं उन्नति में आपकी सहायता निरंतर करते रहेंगे। चूंकि आपके कर्म उन्हें ये विश्वास दिलाते हैं कि उनके मृत्युलोक को छोड़ने के बाद भी उनके परिवारजन उन्हें याद करते हैं। उन्हें मिस करते है और उनकी कमी को महसूस करते है इसलिए समय समय पर वे उन दिवंगत सदस्य को अपनी तरफ से खुश करने का उपक्रम करते रहते हैं। कथा में उपस्थित विष्णु नारायण माथुर, सुबोध माथुर, सरोज, शशि, रिचा, श्रुति, विकास, रोबिन सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण शामिल हुए।

कथा व्यास ने भागवत कथा में सुदामा चरित्र का किया वर्णन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सिद्धेश्वरी मंदिर पीडब्ल्यूडी विभाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस में वृन्दावन से आए कथा व्यास उपेंद्र शास्त्री ने सुदामा चरित्र के माध्यम से भगवान की भक्त वत्सलता की कथा सुनाई। इस दौरान सुंदर भजनों पर भक्तों ने नृत्य किया। कथा में कंछेदी प्रसाद दुबे सिद्धेश्वरी मंदिर पुजारी एवं कथा के यजमान गायत्री देवी कमल सिंह रघुवंशी, ज्योति बाल कृष्ण दुबे, अंजू ओम प्रकाश वर्मा, बबली राकेश दुबे, आर्या लक्ष्मीकांत दुबे, विजय अरोरा, सतनाम राजपूत, संजय चौबे, अरुण श्रीवास, राजेंद्र शर्मा, अरुण तिवारी, शिव हरि तिवारी, आकाश ठाकुर सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे। कथा में आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान और सेवा सेतु जन अभियान कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रविवार को आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एवं सेवा सेतु जन अभियान 'सरकार आपके द्वार' का आयोजन एक साथ किया जाएगा। दोनों अभियानों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं और योजनाओं से सीधे जोड़ने के साथ उनकी समस्याओं के निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एवं सेवा सेतु जन अभियान 'सरकार आपके द्वार' का संयुक्त आयोजन मानस भवन में किया गया है। इसी क्रम में सेवा सेतु जन अभियान 'सरकार आपके द्वार' का आयोजन जिले के निकाय एवं खंड मुख्यालयों पर एक साथ किया जाएगा। जहां निकाय मुख्यालय उपलब्ध नहीं हैं, वहां संबंधित क्षेत्रों के जनपद पंचायत मुख्यालयों पर आयोजन किया जाएगा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी आयोजन सुबह 11 बजे से प्रारंभ होंगे। इन आयोजनों में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं मैदानी अमला उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे। साथ ही शासकीय योजनाओं, सेवाओं एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने की कार्रवाई की जाएगी। दोनों अभियानों के संयुक्त आयोजन को लेकर प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों में शासन की मंशानुरूप शिविरों का सुव्यवस्थित संचालन, विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति, आमजन से प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं यथासंभव मौके पर निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। दोनों अभियानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाया जाए। साथ ही प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया को भी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एवं सेवा सेतु जन अभियान 'सरकार आपके द्वार' के माध्यम से जिले में प्रशासन को आमजन के और करीब ले जाने तथा नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सरल, सुगम एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी पहल की जाएगी।

एनएसएस, एनसीसी ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कृषि महाविद्यालय के स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. अरविंद कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन एवं डॉ. प्रवीण कुमार जगा एनएसएस जिला संगठक के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी ने कॉलेज परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की। इसके साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति शपथ ली। इस अभियान में द्वितीय वर्ष से एनएसएस प्रफुल्ल घारके, बबलू मुजाल्दे, विवेक योगी, राहुल यादव, राम वर्मा, अमन पवार, आयुष बघेल, लोकेश बघेल, देवेंद्र नगर, मोहित कुर्मी, सूर्यप्रताप शंकर डेमोर, ब्रजेश ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के माध्यम से एनएसएस स्वयंसेवकों ने समाज को यह संदेश दिया कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बाइक और 3 बोरी उड़द चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



गंजबासौदा। खलिहान से यामाहा मोटर साइकिल और तीन बोरी उड़द चोरी के मामले में शहर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। बरामद मशरूके की कीमत करीब एक लाख रुपए बताई गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पुरवाई चक्क निवासी मुकेश यादव ने 1 अक्टूबर को खलिहान से बाइक एमपी40 एमएन 6840 और 3 बोरी उड़द चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसडीओपी शिखा भलावी ने बताया कि शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में गठित टीम ने साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर नंदराम अहिरवार उम्र 28 निवासी पुरवाई चक्क को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसके कब्जे से चोरी की बाइक और तीन बोरी उड़द बरामद हुई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

विशेष गहन पुनरीक्षण में छूटे मतदाता बीएलओ से करा सकते हैं पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के संचालन से संबंधित जारी निर्देशों की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए ऐसे पात्र मतदाता, जो विशेष गहन पुनरीक्षण के पश्चात नामावली में जुड़ने से वंचित रह गए हैं तथा ऐसे युवा/प्रथम बार पात्र सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया है कि वे बीएलओ से प्ररूप-6 में आवेदन प्रस्तुत कर निर्वाचक नामावली में पंजीकृत हो सकेंगे। ऐसे मतदाता जिनके नाम, लिंग, आयु एवं फोटो में कोई विसंगति है, वे बीएलओ के पास उपलब्ध मतदाता सूची का अवलोकन कर उसके सुधार हेतु बीएलओ से प्ररूप-8 प्राप्त कर उसमें सुधार के लिए अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। इसके साथ ही ऑनलाइन वोटर पोर्टल अथवा वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। किसी भी समस्या के लिए संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कर्तव्यनिष्ठा और संघर्ष की मिसाल बने बालमुकुंद कुशवाह, सुप्रीम कोर्ट में मिली बड़ी राहत

जनगणना कार्य से लेकर सिरोंज की स्वच्छता व्यवस्था सुधारने तक निभाई अहम भूमिका





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

शासकीय सेवा में रहते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने वाले नगर पालिका परिषद सिरोंज के प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक बालमुकुंद कुशवाह इन दिनों अपने लंबे कानूनी संघर्ष के बाद मिली राहत को लेकर चर्चा में हैं। लगभग पांच वर्षों तक चले कानूनी प्रकरण में उन्होंने परिस्थितियों से घबराने के बजाय न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास कायम रखा और मामले को निचली अदालतों से लेकर उच्च न्यायालय तथा अंततः सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचाया। कुशवाह के अनुसार 19 सितंबर 2026 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संबंधित प्रकरणों को खारिज किए जाने के बाद उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने इसे असत्य पर सत्य की जीत बताया है। बालमुकुंद कुशवाह की शासकीय सेवा की यात्रा विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों और उपलब्धियों से जुड़ी रही है। वर्ष 2011 की जनगणना के दौरान उन्होंने नगर पालिका परिषद लटेरी में जनगणना कार्य प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी संभाली। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण एवं व्यापक कार्य में कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्य को पूर्ण कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में लटेरी नगर पालिका द्वारा जनगणना कार्य में बेहतर प्रदर्शन किए जाने का उल्लेख किया जाता है। इसी उपलब्धि के चलते नगर पालिका परिषद लटेरी को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की बात भी सामने आती है।

स्वच्छता व्यवस्था में सुधार पर जोर

वर्ष 2022 में बालमुकुंद कुशवाह ने नगर पालिका परिषद सिरोंज में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। उस समय नगर की स्वच्छता व्यवस्था और स्वच्छता सर्वेक्षण से जुड़े मानकों को लेकर निकाय के सामने कई चुनौतियां थीं। नगर पालिका ओडीएफ प्लस की वाटर प्लस श्रेणी में थी, जबकि जीएफसी स्टार रेटिंग प्राप्त नहीं हुई थी। प्रभारी सीएमओ के रूप में बाल मुकुंद कुशवाह ने स्वास्थ्य शाखा, राजस्व शाखा सहित नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में कार्य शुरू किया।

19 सितंबर को सर्वोच्च न्यायालय से मिली राहत

करीब पांच वर्षों तक चले कानूनी संघर्ष के बाद 19 सितंबर 2026 को सर्वोच्च न्यायालय में संबंधित प्रकरणों के खारिज होने के बाद बालमुकुंद कुशवाह को राहत मिली। इसके बाद उन्होंने इसे अपने लिए सत्य की जीत बताया। उनका कहना है कि न्याय मिलने में समय लग सकता है, लेकिन व्यक्ति को परिस्थितियों से घबराकर पीछे नहीं हटना चाहिए। कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखते हुए न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास रखना चाहिए। उनके अनुसार इस पूरे प्रकरण ने उन्हें धैर्य, संघर्ष और न्याय व्यवस्था में विश्वास बनाए रखने की सीख दी।

विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से विकास कार्यों को मिल रही गति

नगर के विकास में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा की भूमिका भी महत्वपूर्ण बताई जा रही है। विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा शासन स्तर पर नगर के विकास से जुड़े कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कराने तथा विभिन्न योजनाओं को गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक के निर्देश एवं मार्गदर्शन में नगर में सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल, स्वच्छता तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। नगर पालिका स्तर पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों द्वारा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार कार्यों की जानकारी लेकर उन्हें संबंधित विभागों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। नगर के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय को आवश्यक माना जा रहा है। इसी दिशा में नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में चल रहे कार्यों की निगरानी की जा रही है।

उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ भी विकास कार्यों की निगरानी में सक्रिय

नगर पालिका परिषद सिरोंज के उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ भी नगर के विकास कार्यों को लेकर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अध्यक्ष के साथ समन्वय बनाकर विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी लेने और नागरिकों की समस्याओं को नगर पालिका तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उपाध्यक्ष द्वारा वार्डों में नागरिकों से संवाद कर स्थानीय समस्याओं की जानकारी लेने के साथ संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनके निराकरण के संबंध में चर्चा की जाती है, तथा मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से कराने पर जोर दिया जा रहा है।

घर-घर पानी पहुंचाने की दिशा में तेजी

नगर में पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पिछले कई महीनों से विभिन्न क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। घर-घर पानी पहुंचाने की योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने के बाद नगर के अनेक क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को और बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर नगर पालिका द्वारा पाइपलाइन कार्य की प्रगति पर भी नजर रखी जा रही है। वहीं सड़क और नाली निर्माण के दौरान पाइपलाइन से जुड़े कार्यों में समन्वय बनाए रखने की आवश्यकता पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

स्वच्छता व्यवस्था को लेकर नगर पालिका के लगातार प्रयास

नगर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर और प्रभावी बनाने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नगर के विभिन्न वार्डों और प्रमुख क्षेत्रों में स्वच्छता मित्रों एवं नगर पालिका के मैदानी अमले द्वारा नियमित रूप से सफाई कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही कचरा संग्रहण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में नगर की सफाई व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। मैदानी अमले द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है तथा जहां भी गंदगी या कचरा दिखाई देता है, वहां आवश्यक कार्रवाई करते हुए सफाई कराई जा रही है।

नगर विकास को लेकर अध्यक्ष मनमोहन साहू के नेतृत्व में प्रयास

वर्तमान में नगर पालिका परिषद सिरोंज द्वारा नगर के विकास और मूलभूत सुविधाओं को लेकर विभिन्न स्तरों पर कार्य किए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू के नेतृत्व में नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय कर उन्हें गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क, नाली, स्वच्छता, पेयजल और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों की निगरानी पर जोर दिया जा रहा है।

ईमानदारी और जिम्मेदारी को मानते हैं सेवा का आधार

बालमुकुंद कुशवाह का कहना है कि शासकीय सेवा केवल नौकरी नहीं बल्कि जनता के प्रति जिम्मेदारी है। अधिकारी और कर्मचारी यदि अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, पारदर्शिता और मेहनत के साथ करें तो किसी भी संस्था की कार्यप्रणाली में सुधार किया जा सकता है। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य से लेकर नगर पालिका की प्रशासनिक जिम्मेदारी, प्रभारी सीएमओ के रूप में स्वच्छता व्यवस्था में सुधार और वर्तमान में राजस्व शाखा की जिम्मेदारी तक उनके सेवाकाल के विभिन्न पड़ाव उनकी कार्यशैली से जुड़े रहे हैं। वहीं करीब पांच वर्षों तक चले कानूनी संघर्ष के बाद सर्वोच्च न्यायालय से मिली राहत उनके लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव बन गई है। नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ और विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशों के बीच नगर में चल रहे विकास कार्यों की देखरेख की जा रही है। सड़क, नाली, स्वच्छता और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर निकाय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों से नगर विकास की दिशा में कार्य जारी है।

अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

नगर परिषद अध्यक्ष सीएमओ और पार्षदों ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नवरात्रि पर प्रारंभ हो रहा है इससे पूर्व नगर की साफ सफाई व्यवस्था सड़कों पर अतिक्रमण बिजली की व्यवस्था सुलभ कंपलेक्स में साफ सफाई और देवी मंदिरों की ओर जाने वाले मार्गो पर विशेष व्यवस्था के निर्देश नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा दिए गए इसी के साथ साफ सफाई में लापरवाही बरतने वाले जनसेवकों एवं अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश भी अध्यक्ष चौधरी ने दिए।

नवरात्रि पर्व के दौरान खेरापति माता मंदिर शहत नगर के अन्य मंदिरों में सुबह मुंह अंधेरे से ही देवी भक्तों की जल चढ़ाने भारी उपस्थिति और आवागमन बना रहता है।सभी मार्गो की स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त किए जाने के साथ मार्गो की मरम्मत कराए जाने के निर्देश अध्यक्ष चौधरी ने दिए। सब्जी मंडी में खाली पड़े चबूतरो पर दुकान लगाने और सड़क पर लगने वाले हाथ ठेलो और दुकानों को हटाने का निर्देश ही नहीं वरन तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नगर परिषद द्वारा की गई। विभिन्न स्थानों पर पेयजल की लाइनों में हो रहे लीकेज से सड़कों पर पानी बहने को तत्काल रोकने रिपेयरिंग करने के निर्देश वाटर सप्लाई विभाग को दिए। पुरान एडीआई ऑफिस के सामने हमेशा कचरे के ढेर और गंदगी बनी रहती है। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा प्रतिदिन वहां से कचरा उठाने के निर्देश सफाई दरोगा को दिए गए। शनिवार को जिस प्रकार नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी और सीएमओ हरिशंकर वर्मा ने नगर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर साफ सफाई अतिक्रमण नलों से बहता पानी और स्ट्रीट लाइट इत्यादि की व्यवस्थाओं को देखा आने वाले दिनों में उसके अच्छे परिणाम सामने आने की उम्मीद की जा रही है। भ्रमण के दौरान नगर परिषद के उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत और वार्डों के पार्षदों के साथ नगर परिषद के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

साइबर अपराधों की गुत्थियां सुलझाने वाली कल्पना को रुस्तम जी पुरस्कार

सागर की उप निरीक्षक कल्पना गुप्ता का 'विशिष्ट श्रेणी' में चयन, 50 हजार रुपए और प्रमाण-पत्र से होंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



तकनीक के बदलते दौर में साइबर अपराधियों से मुकाबला कर अपनी तकनीकी दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करने वाली सागर की उप निरीक्षक कल्पना गुप्ता का प्रतिष्ठित के.एफ. रुस्तम जी पुरस्कार (2024-25) की 'विशिष्ट श्रेणी' में चयन हुआ है। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 50 हजार रुपए की राशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।वर्तमान में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, सागर जोन के साइबर सेल में पदस्थ कल्पना गुप्ता ने जटिल साइबर अपराधों की जांच, तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण और अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय योगदान दिया है। बदलते डिजिटल अपराधों के बीच उनकी सूझबूझ और तकनीकी दक्षता ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिलाया।कल्पना की यह उपलब्धि केवल एक अधिकारी का सम्मान नहीं, बल्कि साइबर अपराधों के खिलाफ पुलिस की तकनीकी क्षमता और नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा के प्रयासों की पहचान भी है। उनके चयन से सागर पुलिस और सागर जोन का गौरव बढ़ा है।वरिष्ठ अधिकारियों एवं साथी पुलिस कर्मियों ने उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के लिए निष्ठा, मेहनत और समर्पण की प्रेरणा बताया।

व्यापार महासंघ का 3 वर्षीय कार्यकाल हुआ पूर्ण

बरेली। नगर के व्यापारियों के बीच सक्रिय एवं अपनी सक्रियता से अलग पहचान बनाने वाले व्यापार महासंघ का 3 वर्षीय कार्यकाल 2025 में पूर्ण हो चुका है। व्यापार महासंघ में विभिन्न व्यापार के प्रतिनिधियों को जोड़ने 27 इकाइयां है। जिनके माध्यम से नगर के सभी व्यापारियों को व्यापार महासंघ से संविधान व्यवस्था अनुसार जोड़ा गया है। निर्वाचन अधिकारी को लिखा पत्र- व्यापार महासंघ के प्रतिनिधि भगवान दास राठी ने चुनाव प्रभारी अधिकारी को पत्र लिखकर बताया कि नवंबर 25 में वर्तमान व्यापार महासंघ के पदाधिकारी का कार्यकाल समाप्त हो गया है। संविधान की व्यवस्था अनुसार लगभग 1 वर्ष बीतने पर भी नए निर्वाचन की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। भगवान दास राठी ने लिखे पत्र के माध्यम से बैठक बुलाकर संविधान संशोधन सदस्यता अभियान प्रारंभ करने प्रतेक इकाई के पुनर्गठन एवं महासंघ पदाधिकारियो के चुनाव कराने की मांग चुनाव प्रभारी नगर व्यापारी महासंघ से की है।

आज रामलीला मैदान में हिंदू उत्सव समिति की महत्वपूर्ण बैठक

बरेली। आगामी नवरात्रि पर्व और दशहरा पर्व धूमधाम उत्साह के साथ मनाने तैयारी के संबंध में आज रविवार 4 अक्टूबर को रामलीला मैदान में हिंदू उत्सव समिति द्वारा बैठक रखी गई है। बैठक में विजयादशमी दशहरा पर्व भव्यता के साथ मनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में गणमान्य नागरिकों अखाड़ो के संचालकों, दुर्गा उत्सव समितियों के अध्यक्षों सचिवों पत्रकारों हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारियो की विशेष उपस्थिति रहेगी। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश बबेली सचिब सचिन साडिंल ने सभी से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

नगर परिषद का सेवा संकल्प अभियान जारी

बरेली। नगर परिषद द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत आज रविवार 4 अक्टूबर को नाहर कॉलोनी स्थित कम्युनिटी हॉल में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आमजन की समस्याओं का निराकरण और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जाएगा। पात्र हितग्राहियों को मिलेगा लाभः आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर लाभकारी योजनाओं की लोगों को जानकारियां दिए जाने के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जाएगा। विभिन्न विभागों के स्थानीय अधिकारियों कर्मचारियों की शिविर के दौरान उपस्थित रहेगी। शिविर के आयोजन में नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी सीएमओ हरिशंकर वर्मा ने नगर वासियों से आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

रिद्धि मंत्रों से गूंजा खरगोन , भगवान आदिनाथ का हुआ भव्य अभिषेक

बार-बार के जन्म मरण से मुक्ति का मार्ग है प्रभु की शरण : मुनि विमल सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



नगर से मात्र 13 किमी की दूरी पर स्थित खरगोन में खोना वाले बड़े बाबा के नाम से विख्यात आदिनाथ भगवान की चतुर्थ कालीन प्रतिमा का त्रिदिवसीय मस्तकाभिषेक महोत्सव कार्यक्रम मुनि श्री विमल सागर एवं मुनि श्री अनंत सागर जी महाराज के सानिध्य में चल रहे मस्तकाभिषेक महोत्सव के द्वितीय दिवस भगवान आदिनाथ के दर्शन के लिए राजस्थान कर्नाटक विदिशा भोपाल जबलपुर कटनी सागर आदि स्थान से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्म लाभ लेते हुए कार्यक्रम में पुण्य अर्जक बने। कार्यक्रम के दौरान धर्म उपदेश देते हुए मुनि विमल सागर महाराज ने कहा कि आदिब्रम्हा आदिनाथ भगवान का आज जो भक्त अभिषेक कर रहे हैं निश्चित रूप से उनका पुण्य बहुत अधिक प्रबल है वह अक्षय पुण्य का संचय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 84 लाख योनि में बार-बार जन्म होता है मरण होता है लेकिन इस जन्म मरण के चक्कर से आखिर मुक्ति क्यों नहीं मिलती । उन्होंने कहा कि यदि इससे मुक्ति चाहिए तो हमें भगवान की शरण में आना होगा एक भगवान ही हैं जो हमें इस चक्र से बाहर निकलेंगे ।

भव्य अभिषेक

सर्वप्रथम खोना वाले बड़े बाबा के दरबार में भक्तो ने चौसठ रिद्धि विधान किया तत्पश्चात मस्तकाभिषेक कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ जिसमे रिद्धिमंत्रो के माध्यम से श्री जी का अभिषेक किया गया जिसमे प्रथम 108 कलशो से जीतेन्द्र जैन मुंबई ने , द्वतीय 108 कलशों से राहुल जैन इंदौर एवं तृतीय 108 कलशों से दिलीप जैन जबलपुर एवं चतुर्थ 108 कलशो से नेमिचंद जैन गौरझामर एवं पंचम 108 कलश से नीलेश जैन बरेली ने श्री जी का अभिषेक किया शांतिधारा करने का सौभाग्य राजीव जैन गंजबासोदा को प्राप्त हुआ । इस प्रकार अन्य भक्तो सहित कुल 1008 कलशो से आदिनाथ भगवान का मस्तकाभिषेक किया गया।समिति के सचिव नीलेश जैन के अनुसार रविवार को त्रिदिवसीय कार्यक्रम का अंतिम दिवस होगा जिसमे लगभग दस हज़ार श्रावकों के सम्मिलित होने की सम्भावना है।

कलेक्टर के सख्त निर्देश : हाईरिस्क प्रेग्नेंसी का एक भी केस न छूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को धरातल पर परखने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरखी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, दवा स्टोर, पैथोलॉजी लैब, प्रसव कक्ष, पीएनसी वार्ड और वैक्सीनेशन कक्ष सहित विभिन्न अनुभागों की व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया। कलेक्टर ने ओपीडी की स्थिति का जायजा लेने के बाद मुख्य दवा स्टोर का निरीक्षण किया। उन्होंने दवा वितरण एवं स्टॉक संचालन प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कंप्यूटर पोर्टल पर दर्ज दवा स्टॉक और स्टोर रूम में भौतिक रूप से उपलब्ध दवाओं की मात्रा का शत-प्रतिशत मिलान होना चाहिए। उन्होंने पैथोलॉजी लैब की जांच प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मरीजों को सभी प्रकार की पैथोलॉजिकल रिपोर्ट समय-सीमा में उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनके उपचार में अनावश्यक विलंब न हो। इसके अतिरिक्त, कैश बैंक मैपिंग के फॉलोअप और फोकल पॉइंट कक्ष में जीवन रक्षक एंटीवेनम सहित उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर पाल ने पीएनसी वार्ड और प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ भर्ती प्रसूताओं एवं उनके परिजनों से सीधे सेवाओं का फीडबैक लिया।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान, स्वास्थ्य जांच के साथ योजनाओं का मिला लाभ

मालथौन-खुरई में सेवा सेतु शिविर, हितग्राहियों को करोड़ों की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई



सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को मालथौन और खुरई में सरकार आपके द्वार के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय सेवा सेतु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। मालथौन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सराहनीय कार्य के लिए करीब 200 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का मौके पर निराकरण करना है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से गर्भवती महिलाओं, बच्चों और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

मालथौन शिविर में संबल के छह हितग्राहियों को 16 लाख रुपए, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 10 हितग्राहियों तथा मनरेगा की मां की बगिया योजना के पांच हितग्राहियों को पांच लाख रुपए की सहायता दी गई। आजीविका मिशन के 30 स्व-सहायता समूहों को 1.05 करोड़ रुपए का क्रेडिट लिंकेज लाभ मिला। वहीं एक परिवार को संबल योजना के तहत चार लाख रुपए की सहायता प्रदान की गई।खुरई शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 307 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 48 का मौके पर निराकरण किया गया। मालथौन में 171 आवेदन मिले और इनमें से 68 का तत्काल निराकरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शुगर सहित विभिन्न जांचें निःशुल्क की गईं तथा विभागीय स्टॉलों पर योजनाओं की जानकारी दी गई। सरोज सिंह ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र में लगातार स्वास्थ्य, स्वच्छता, आंगनवाड़ी और हितलाभ वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखने और पात्रता के अनुसार शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

गांधी जयंती पर काव्यायन ने किया अधिवक्ताओं साहित्यकारों व समाजसेवियों का सम्मान

सागर। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर काव्यायन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ने साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कविता पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रश्नोत्तरी और गांधीजी के विचारों पर विमर्श हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध उपन्यासकार एवं कवयित्री शरद सिंह ने की। उन्होंने गांधीजी के व्यक्तित्व और उनके विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए अपनी पुस्तक 'राष्ट्रवादी व्यक्तित्व महात्मा गांधी' संस्था को भेंट की तथा 'गांधी होना आसान नहीं' रचना का पाठ किया। इस अवसर पर भारतीय सेना की तीनों सेनाओं से सेवानिवृत्त अधिकारी जेपी गोस्वामी, बीके गौतम एवं एमजी शर्मा सहित साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाली ममता भूरिया का सम्मान किया गया। जिला अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे, उपाध्यक्ष उत्कर्ष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिवक्ताओं को भी शाल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. हिमांशु कंबीर, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव एवं डॉ. प्रज्ञा दुबे ने सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता पर विचार रखे। संस्था के अध्यक्ष रामनरेश सिंह राजपूत ने गांधीजी के विचारों एवं आर्थिक चिंतन को आज भी प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, अधिवक्ता, समाजसेवी एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।



सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनवाड़ी मिलन समारोह आयोजित

सागर। सेवा संकल्प अभियान के तहत परियोजना सागर शहरी-01, सेक्टर-3 अंतर्गत आंगनवाड़ी मिलन समारोह का आयोजन आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-70, तिलकगंज में किया गया। समारोह में बच्चों और महिलाओं के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी केंद्र की गतिविधियों, बच्चों की सहभागिता तथा महिलाओं से संबंधित विषयों पर जानकारी साझा की गई। महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं आंगनवाड़ी केंद्र से मिलने वाली सेवाओं के संबंध में चर्चा की गई।कार्यक्रम में वार्ड पार्षद शैलेश केशरवानी, आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-70 की कार्यकर्ता श अंजना काछी, सहायिका खुशबू चढ़ार तथा सामाजिक कार्यकर्ता पूनम मेवाती उपस्थित रहीं।



चिलचिलाती धूप में किया मेंटेनेंस

5 घंटे बंद रही बिजली, सब स्टेशन में वीसीबी की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर की बिजली सप्लाई शनिवार को करीब 5 घंटे बंद रखकर बिजली कंपनी के तकनीकी कर्मचारियों ने 33/11 केवी सब स्टेशन सिलवानी में मेंटेनेंस का कार्य किया। इस दौरान सब स्टेशन परिसर में नवीन वीसीबी ;वैक्यूम सर्किट ब्रेकरद्ध की स्थापना भी की गई। चिलचिलाती धूप के बीच कर्मचारी लगातार पसीना बहाते हुए विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटे रहे। बिजली कंपनी के अनुसार वीसीबी की स्थापना से विद्युत लाइनों में होने वाली ट्रिपिंग और तकनीकी अवरोध को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। इससे फॉल्ट होने की स्थिति में संबंधित लाइन को तेजी से अलग किया जा सकेगा और अन्य क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना कम होगी। कार्य पूर्ण होने के बाद उपभोक्ताओं को अधिक व्यवस्थित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। मेंटेनेंस और वीसीबी स्थापना के दौरान बिजली कंपनी के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और तकनीकी कर्मचारियों के साथ कार्य की निगरानी करते रहे। कर्मचारियों ने निर्धारित समय में आवश्यक कार्य पूरा करने के लिए लगातार काम किया।

पॉलिटेक्निक कॉलेज में 6 राउंड में पूरी हुई मतगणना, पहले राउंड से ही बनाए रखी बढ़त

जिला पंचायत सदस्य वार्ड-3 मेहगांव उपचुनाव में पूजा राकेश की जीत

4900 वोटों से लक्ष्मण सिंह को हराया, प्रमाण-पत्र लेते ही बोलीं- यह सत्य की विजय है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक-3 मेहगांव में हुए उपचुनाव में प्रत्याशी पूजा राकेश चौकसे ने शानदार जीत दर्ज की है। उन्हें 16613 वोट प्राप्त हुए।उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी लक्ष्मण सिंह लोधी भदौरिया को 4900 मतों के बड़े अंतर से पराजित किया। जबकि उम्मीदवार लक्ष्मण सिंह लोधी भदोरिया को 7,204 वोटों से संतुष्ट होना पड़ा। नोटा को 295 वोट मिले। इससे साफ जाहिर होता है कि मतदाताओं ने दोनों ही उम्मीदवारों को पसंद नहीं किया।शनिवार को सुबह से ही शहर के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 6 राउंड में मतगणना पूरी हुई। जैसे ही अंतिम राउंड का परिणाम घोषित हुआ, पूजा राकेश चौकसे समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ समर्थकों ने शानदार तरीके से जीत का जश्न मनाया। उप चुनाव विजयी की घोषणा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण विश्वकर्मा अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय एसडीएम मनीष शर्मा द्वारा एसपी आशुतोष गुप्ता की मौजूदगी में की गई। शनिवार को सुबह 9 बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू हुई थी। जिला व पुलिस प्रशासन ने मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। पहले राउंड से ही प्रत्याशी श्रीमती पूजा राकेश चौकसे ने अपने प्रतिद्वंदी लक्ष्मण सिंह लोधी भदौरिया पर बढ़त बना ली थी। हर राउंड के साथ उनकी बढ़त का अंतर बढ़ता गया। मतगणना के छठवें और अंतिम राउंड की गिनती पूरी होने के बाद निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनीष शर्मा ने औपचारिक रूप से जीत की घोषणा की और विजयी प्रत्याशी को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा।



पूजा चौकसे ने मतदाताओं का जताया आभार

जीत के बाद मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए जिप सदस्य मेहगांव विजयी प्रत्याशी पूजा राकेश चौकसे ने कहा कि यह जीत उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं है।बल्कि वार्ड की जनता और मतदाताओं की जीत है। यह सत्य की विजय है। मेहगांव वार्ड तीन के अधूरे विकास कार्यों को पूर्ण कराए जाएंगे। केंद्र प्रदेश सरकारों की जनकल्याण कारी योजनाओं का गरीबों,आमजनों को भरपूर लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने जिला पंचायत सदस्य मेहगांव वार्ड 3 के सभी मतदाताओं, बुजुर्गों, महिलाओं और युवा साथियों का हृदय से आभार जताया। उन्होंने आगे कहा कि उप चुनाव के दौरान जनता ने जो प्यार, समर्थन और आशीर्वाद दिया, उसी का परिणाम आज सामने आया है। जनता ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। जिला पंचायत सदस्य के रूप में वार्ड पांच मेहगांव के विकास को उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी और रोजगार जैसे मुद्दों पर वे लगातार काम करेंगी और हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगी।

समर्थकों ने मनाया जीत का जोरदार जश्न

जिला पंचायत सदस्य मेहगांव के उपचुनाव का शनिवार को परिणाम आने के बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर के बाहर बड़ी संख्या में पूजा राकेश चौकसे समर्थक जमा हो गए। समर्थकों ने पूजा राकेश चौकसे को फूल-मालाओं से लाद दिया। इसके बाद समर्थकों का हुजूम जुलूस के रूप में शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए उनके रॉयल कॉलोनी पाटनदेव निवास तक पहुंचा। इस दौरान रास्ते भर आतिशबाजी होती रही। पुरूष महिला सहित युवा समर्थकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

परिजन व ग्रामीण बता रहे टाइगर

बाइक पर जंगली जानवर का हमला, बुजुर्ग घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में शुक्रवार देर शाम जंगली जानवर के हमले का मामला सामने आया है। चलती बाइक पर सवार 65 वर्षीय बुजुर्ग पर किसी जंगली जानवर ने हमला कर दिया। घटना में बीना राम बंजारा घायल हो गए। उनके हाथ में गंभीर चोट आई है। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बीना राम बंजारा बाइक से कहीं जा रहे थे। तभी रास्ते में झाड़ियों से निकलकर एक बड़े जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। हमले में वे बाइक सहित गिर पड़े। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो जानवर जंगल की ओर भाग गया।

परिजन बोले- टाइगर था-घायल के परिजन और ग्रामीण हमलावर जानवर को टाइगर बता रहे हैं। गांव में इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में टाइगर की मूवमेंट देखी जा रही है। हालांकि इसकी पुष्टि वन विभाग की जांच के बाद ही हो सकेगी।

वन विभाग सर्चिंग में जुटा-सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन कर्मियों की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग शुरू कर दी है। जंगली जानवर के पगमार्क की तलाश की जा रही है। ओबेदुल्लागंज वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह कहना मुश्किल है कि हमला टाइगर ने ही किया है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

बजरंग दल ने की जांच की मांग

विदिशा से भोपाल जा रहा संदिग्ध हड्डियों से भरा ट्रक पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज।

दीवानगंज के पास स्थित सूखी सेवनिया पुलिस ने गुरुवार रात करीब 11 बजे विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर विदिशा दीवानगंज से होते हुए भोपाल जा रहा हड्डियों से भरे संदिग्ध ट्रक को पकड़कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। कार्यकर्ताओं ने ट्रक में पशुओं, विशेषकर गौवंश की हड्डियां होने की आशंका जताते हुए पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार राहगीरों ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं को सूचना दी कि सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र में एक ट्रक संदिग्ध सामग्री के साथ खड़ा है। सूचना मिलने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला वीर सावरकर गौशाला प्रखंड के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। ट्रक की जांच करने पर बोरियों में हड्डियों के टुकड़े दिखाई दिए। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने तत्काल सूखी सेवनिया पुलिस को सूचना दी। कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि ट्रक हड्डियां भरकर विदिशा से भोपाल जा रहा था तभी पुलिस ने उसको पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा कराया।

पुलिस को दिया लिखित आवेदन-बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन को दिए आवेदन में कहा कि ट्रक में बड़ी मात्रा में हड्डियों के टुकड़े बोरियों में भरकर ले जाए जा रहे थे, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। कार्यकर्ताओं ने हड्डियों में गौवंश की हड्डियां होने की आशंका जताते हुए उनकी वैज्ञानिक एवं नियमानुसार जांच कराने की मांग की है। आवेदन में ट्रक के मालिक और चालक से पूछताछ करने तथा हड्डियों की जांच कर यह स्पष्ट करने की मांग की गई है कि ये हड्डियां किस पशु या जानवर की हैं।

श्रीमद भागवत कथा का समापन

व्यास ने बताया सुदामा चरित्र सुन भावविभोर हो गए श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

क्षेत्र के समीपस्थ गांव रातातलाई बढ़नपुर में आयोजित सात दिवसीय भव्य एवं दिव्य संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शनिवार को पूर्णाहूति, आरती और विशाल भंडारे के साथ गरिमामय समापन हो गया। कथा के अंतिम व सप्तम दिवस पर कथा पंडाल में श्रद्धालुओं का अप्रत्याशित विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से पहुंचे हजारों भक्तों से पूरा पांडाल छोटा पड़ गया और चारों ओर केवल जय श्री कृष्णा तथा राधे-राधे के जयकारे गूंजते रहे। सप्तम दिवस की पावन कथा का वाचन करते हुए परम पूज्य व्यास जी (शिवनारायण भार्गव) ने भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा जी के निष्काम प्रेम व चरित्र का मर्मस्पर्शी वर्णन किया। व्यास जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुदामा जी का चरित्र अत्यंत पवित्र, पावन और वंदनीय है। वे केवल अभावों में जीने वाले साधारण व्यक्ति नहीं थे, बल्कि एक प्रकांड विद्वान और परमज्ञानी ब्राह्मण थे। उनकी विद्वता और भक्ति अद्वितीय थी। व्यास ने सुदामा और श्रीकृष्ण के मिलन का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि सच्चा मित्र वही है जो बिना मांगे अपने मित्र की व्यथा को समझ ले। सुदामा जी ने कभी अपनी दरिद्रता का रोना भगवान के सामने नहीं रोया और न ही उनसे भौतिक सुख-सुविधाओं की मांग की। उनके भक्ति भाव और समर्पण को देखकर स्वयं द्वारकाधीश नंगे पांव अपने मित्र की अगवानी करने दौड़ पड़े थे। इस भावुक प्रसंग को सुनकर कथा स्थल पर मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो गए और कई लोगों की आंखें नम हो गईं।

कथा समापन पर महाआरती और भंडारा

कथा के समापन अवसर पर व्यास पीठ का पूजन-अर्चन कर महाआरती उतारी गई। इसके बाद उपस्थित अपार जनसमूह ने कथा स्थल पर शीश नवाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा के सफल आयोजन और समापन पर आयोजकों एवं ग्रामवासियों द्वारा विशाल भंडारे (प्रसादी) का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लेते हुए महाप्रसाद ग्रहण किया। पूरे सप्ताह चले इस धार्मिक अनुष्ठान से रातातलाई बढ़नपुर तथा आसपास का पूरा अंचल भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। समापन अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों, धर्मप्रेमी बंधुओं तथा आयोजन समिति के सदस्यों ने पूज्य व्यास जी का आभार व्यक्त किया और धर्म रक्षा व भक्ति मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कलेक्टर ने उदयपुरा में शासकीय सांदीपनि विद्यालय का किया निरीक्षण

विद्यार्थियों से किया संवाद, साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा उदयपुरा में शासकीय सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने विद्यालय में कक्षावार विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, शैक्षणिक प्रगति, गत वर्ष का परीक्षा परिणाम आदि के संबंध में प्राचार्य और शिक्षकों से जानकारी ली। कलेक्टर ने कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से भी संवाद कर अध्यापन संबंधी जानकारी ली। कलेक्टर ने कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उनकी दिनचर्या, पढ़ाई और रुचियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से टीवी देखने की अवधि, पढ़ाई के लिए प्रतिदिन निर्धारित समय और खेलकूद के बारे में संवाद किया। साथ ही विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं को लेकर भी चर्चा की। इसके उपरांत कलेक्टर ने युवा संवाद के दौरान विद्यार्थियों से कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि आगे बैठने वाला विद्यार्थी ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करे, पीछे बैठने वाला विद्यार्थी भी मेहनत और लगन के बल पर जीवन में बहुत आगे पहुंच सकता है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने विद्यार्थियों न्यूटन के गति के नियमों को दैनिक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से समझाया।



सोलह श्रृंगार कर महिलाओं की सुख-समृद्धि और वैभव की कामना की

ऐरावत पर विराजमान मां महालक्ष्मी की सुहागिनों ने की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

महालक्ष्मी पूजन पर मिट्टी से बने गजलक्ष्मी की पूजा श्रद्धाभक्ती के माहौल में की। मिट्टी से बने एरावत हाथी को सनातन परंपरा में माना जाता है बुद्धि और विवेक का प्रतीक।सुख, समृद्धि और वैभव की कामना के लिए सोलह श्रृंगार कर शनिवार को दोपहर और शाम के वक्त सुहागिन महिलाओ मां महालक्ष्मी का व्रत एवं पूजन की। शनिवार को रायसेन नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में महालक्ष्मी व्रत हाथी पूजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही महिलाओं ने स्नान कर नवीन वस्त्र धारण किए और परंपरा अनुसार मिट्टी का एरावत हाथी बनाकर उस पर माता लक्ष्मी का प्रतिष्ठापन किया। इसके बाद श्रृंगार सामग्री, फल, मिष्ठान और विविध तरह के व्यंजनों के साथ पूजन-अर्चन किया गया। क्वांर मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को होने वाले इस महालक्ष्मी व्रत को लेकर क्षेत्रभर में दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा।



सुहागिन महिलाओं ने पूरे उत्साह से व्रत धारण किया और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली,भोजन, वस्त्र और गृह वैभव की निरंतर प्राप्ति के लिए माता महालक्ष्मी से प्रार्थना की। धर्मशास्त्री पंडित ओमप्रकाश शुक्ला पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा के अनुसार कलियुग में दान का विशेष महत्व है मान्यता है कि इस व्रत से धन-वैभव और समृद्धि की प्राप्ति होती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार महाभारत काल में भी इसका उल्लेख मिलता है। एक अन्य प्रसंग में स्वयं भगवान विष्णु ने धन वृद्धि के लिए इसकी महिमा बताई थी। मान्यता यह भी है कि कलियुग में दान का विशेष महत्व है और इस व्रत के दौरान किया गया दान सभी मनोरथ पूरे करता है। धार्मिक विधान के अनुसार पूजन के समय ब्राह्मण को बुलाकर कथा श्रवण कराना और दक्षिणा देना आवश्यक माना गया है। साथ ही गृहस्थ जीवन में सास-ससुर का सम्मान करने और सौहार्द बनाए रखने पर मां लक्ष्मी की कृपा निरंतर बनी रहती है। पंडित राम मोहन चतुर्वेदी ने आरती कर पूजन संपन्न कराया।

पितृ पक्ष की अष्टमी तिथि को मां गजलक्ष्मी की पूजा की जाती है। इस दौरान सोलह की संख्या में गुड़ के मीठे पूए पकवान बनाए जाते हैं। वहीं इस पूजा में मां लक्ष्मी के श्रृंगार के लिए बेसन से गहने भी बनाए जाते हैं, जिससे पूजा के दौरान मां गजलक्ष्मी का श्रृंगार किया गया। वहीं इस व्रत में मिट्टी के ऐरावत हाथी पर विराजी मां गजलक्ष्मी की पूजा श्रृद्धाभक्ति के माहौल में की गई। जो हमें जीवन में धन के साथ-साथ बुद्धि, विवेक और विनम्रता बनाए रखने का संदेश देती है। कविता, पूजा शिक्षा, दीपिका और रोशनी का कहना है कि हाथी को सनातन परंपरा में बुद्धि और विवेक का प्रतीक माना गया है। ऐरावत स्वर्ग का सबसे दिव्य और वैभवशाली सफेद हाथी है। लेकिन मां महालक्ष्मी पूजा में उसे मिट्टी से बनाकर पूजा की जाती है। मिट्टी हमारी जड़ों और सादगी को दर्शाती है। मां गजलक्ष्मी का यह रूप संदेश देता है कि सकारात्मकता, पवित्र मन और शांत स्वभाव से मां लक्ष्मी के आशीर्वाद को प्राप्त किया जा सकता है। महालक्ष्मी व्रत के लिए मिट्टी के ऐरावत हाथी और मां गजलक्ष्मी की पूजा की जाती है।

